University in News on 25 September 2022

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीकॉम-एलएलबी की फिजिकल रिपोर्टिंग 27 को

लविवि : सीट लॉक करने वाले विद्यार्थी अलॉटमेंट लेटर संग करेंगे रिपोर्ट

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने विभिन्न कोर्सों में च्वॉइस फिलिंग व सीट अलॉटमेंट के बाद विद्यार्थियों को फिजिकल रिपोर्टिंग करने को कहा है। इसके लिए विद्यार्थियों को सीट लॉक करने के बाद मिलने वाले अलॉटमेंट लेटर को लेकर जाना होगा।

विवि में पिछले दिनों बीकॉम एनईपी, बीकॉम ऑनर्स, एलएलबी फाइव ईयर, बीवीए-बीएफए कोर्सों के लिए च्वॉइस फिलिंग करवाई गई थी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को उनकी प्रथम वरीयता की सीट विवि में अलॉट हो गई है और उन्होंने शुल्क जमा कर दिया है, वे अपना सीट अलॉटमेंट लेटर निकालकर 27 सितंबर को अपने डीन ऑफिस में सुबह 10 बजे संपर्क करेंगे। उन्होंने बताया कि बीकॉम एनईपी व बीकॉम ऑनर्स के विद्यार्थी डीन फैकल्टी ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में, एलएलबी फाइव ईयर के विद्यार्थी न्यू कैंपस स्थित डीन लॉ कार्यालय में और बीवीए-बीएफए के स्टूडेंट्स डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट्स के कार्यालय में सुबह 10 बजे अपने मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए उपस्थित हों।

बीबीए छात्रों की छूटी परीक्षा अब 27 को

लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों के लिए शुक्रवार को आयोजित बीबीए सेकंड सेमेस्टर वोकेशनल कोर्स की परीक्षा कई विद्यार्थियों की छूट गई थी। विवि प्रशासन ने 27 सितंबर को दोपहर दो बजे से छूटे हुए छात्रों की परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। यह परीक्षा 23 सितंबर को दूसरी पाली में निर्धारित की गई थी। बाद में रिवाइज्ड शेड्यूल जारी कर परीक्षा पहली पाली में करा ली गई। बोरा इंस्टीट्यूट के काफी छात्रों व सीतापुर के कुछ कॉलेजों के छात्रों को जानकारी नहीं हो सकी थी।

छात्रों ने की रेग्युलर सीट बढ़ाने की मांग

लखनऊ। लविवि में जियोग्राफी, होम साइंस, फिजिकल एजुकेशन में सिर्फ सेल्फ फाइनेंस सीट ही होने पर छात्रों ने नाराजगी जताई है। छात्रों ने कुलपति प्रो. आलोक राय को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में विशाल सिंह, अमित यादव, अभिषेक, प्रिंस प्रकाश, आर्यन मिश्रा, अंकित, सौरभ, मोनू, हरीश, अजय आदि शामिल थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

पीजी के 19 विषयों की आंसर-की जारी

लखनऊ। लविवि की परास्नातक विषयों की प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत शनिवार को 19 कोर्सों की अंसार-की विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जारी कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार, अप्लाइड इकोनॉमिक्स, अप्लाइड जियोलॉजी, बॉटनी, बीपीएड, केमेस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, अंग्रेजी, जियोग्राफी, जियोलॉजी, हिंदी, एलएलएम, एमलिब, मैथ्स, एमआईएच, फिजिक्स, पब्लिक हेल्थ, संस्कृत, सोशियोलॉजी, जुलॉजी विषयों की आंसर-की जारी कर दी गई है। जल्द ही इनका रिजल्ट जारी होगा और प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि के नए कुलपति की खोज शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए कुलपति की खोज शुरू हो गई है। विवि की शनिवार को हुई कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक में परिषद की ओर से गुजरात केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. रमाशंकर दुबे को चयन समिति के लिए सदस्य नामित किया गया है। वर्तमान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय का तीन साल का कार्यकाल 30 दिसंबर को पूरा हो रहा है। साथ ही नए कुलपति के चयन की कवायद भी तेज हो गई है। राजभवन की ओर से विज्ञापन पूर्व में जारी किया जा चुका है। इस पद के लिए 25 अक्तूबर तक इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक में परिषद की ओर से सर्च कमेटी के लिए सदस्य नामित करने पर सहमति बनी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

गणित के विकास की दी जानकारी

लखनऊ। लविवि में गणित विभाग व भारत गणित परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 69वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस 'रिसेंट एडवांसेज इन मैथमेटिक्स एंड एप्लीकेशंस' विषय पर आयोजित की गई। उद्घाटन डीएसटी के वैज्ञानिक प्रो. एके सिंह ने किया। गणित परिषद के संस्थापक प्रो. एन सिंह की स्मृति में हुए व्याख्यान में आईआईटी मुंबई के प्रो. कृष्णमूर्ति रामा सुब्रमण्यम ने प्राचीन भारत में गणित के विकास पर प्रकाश डाला। पुणे की प्रो. प्रभा रस्तोगी, जम्मू विवि के प्रो. आमीन सोफी, दिल्ली विवि के प्रो. गोपाल दत्त, प्रो. रमा विजय कुमार, प्रो. प्रकृति राय ने भी अपने विचार रखे। गणित विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम शर्मा, परिषद के अध्यक्ष प्रो. आरके सिंह, सचिव प्रो. पंकज माथुर आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 5

एलयू में आज मनेगा फार्मासिस्ट डे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्टिकल साइंसेज की ओर से फार्मासिस्ट डे 2022 रविवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर विविध प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें एलयू, बीएचयू, एकेटीयू, कानपुर यूनवर्सिटी समेत प्रदेश के अन्य विवि के 300 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद होंगे।

पीजी प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी हुई

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। पीएचडी प्रवेश परीक्षा 10 से 17 सितम्बर तक हुई थी। शनिवार को एप्लाइड इकोनामिक्स, एप्लाइड जियोलाजी, बॉटनी, बीपीएड, केमिस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, अंग्रेजी, जियोग्राफी, जियोलाजी, हिन्दी, एलएलएम, एमलिबआइएससी, गणित, एमआइएच, फिजिक्स, पब्लिक हेल्थ आदि की उत्तर कुंजी जारी की है।

एलयूः बीए छठे सेमेस्टर का परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार देर रात बीए अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। बीए छठे सेमेस्टर की परीक्षा 29 अगस्त से छह सितम्बर तक हुई थी। लखनऊ विवि की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर परीक्षा परिणाम अपलोड कर दिया गया है। छठे सेमेस्टर की परीक्षा में तकरीबन 12 हजार छात्र शामिल हुए थे।

एलयूः वोकेशनल विषय की छूटी परीक्षा 27 को

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक परीक्षाओं के अन्तर्गत शुक्रवार को बीबीए के छात्रों की वोकेशनल विषय की परीक्षा हुई थी। जिसमें लखनऊ और सीतापुर के कुछ केन्द्रों पर 110 छात्र-छात्राओं की परीक्षा छूट गई थी। जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन से शिकायत कर परीक्षा दोबारा कराने की मांग की गई। जिसके बाद विश्वविद्यालय ने छात्रहित में 27 सितम्बर को दोपहर दो से 3.30 की पाली में परीक्षा दोबारा कराए जाने के आदेश जारी किए।

विवि प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि चार सितम्बर को संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था। कॉलेजों को भी सूचना भेजी गई थी। इसके बाद भी छात्र परीक्षा देने गलत समय पर पहुंचे थे।

अभिलेखों की जांच 27 कोः स्नातक प्रवेश के अंतर्गत बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीएफए-बीवीए और एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के नव प्रवेशित छात्रों का अभिलेख सत्यापन 27 सितम्बर को होगा।

JAGRAN CITY PAGE II, III

19 विषयों की आंसर-की जारी

पीजी प्रवेश परीक्षा : लवि ने वेबसाइट पर अपलोड किए परिणाम

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षाओं की आंसर-की शनिवार शाम को वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई। पहले चरण में 19 विषयों की आंसर की जारी हुई है। इनमें एप्लाइड इकोनामिक्स, एप्लाइड जियोलाजी, बाटनी, बीपीएड, केमिस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, अंग्रेजी, जाग्रफी, जियोलाजी, हिन्दी, एलएलएम, एमलिबआइएससी, गणित, एमआइएच, फिजिक्स, पब्लिक हेल्थ, संस्कृत, सोशियोलाजी, जूलाजी शामिल हैं। छात्र-छात्राएं वेबसाइट के माध्यम से अपना परिणाम देख सकते हैं।

विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी को आंसर-की पर आपत्ति है तो वह सोमवार तक अवगत करा सकते हैं। उसके बाद पूरी मेरिट सूची जारी की जाएगी। एडमिशन सेल के मुताबिक परास्नातक के जिन विषयों में कालेज की सीटें भी विश्वविद्यालय से जुड़ी हैं, और जिनमें अलग-अलग ब्रांच हैं, उनमें विकल्प भरने का अवसर मिलेगा। बाकी विषयों में कटआफ जारी करके सीट आवंटन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। गौरतलब है कि परास्नातक की 4717 सीटों (10 फीसद ईडब्ल्यूएस अतिरिक्त) सीटों पर भी प्रवेश परीक्षा 10 से 17 सितंबर तक आयोजित की गई थी।

स्नातक प्रवेश : अभिलेखों का सत्यापन 27 को : लवि बीकाम एनईपी, बीकाम आनर्स, बीवीए, बीएफए, एलएलबी (इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय) स्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए 27 सितंबर को अभिलेखों का सत्यापन कराएगा। इन कोर्सों के अभ्यर्थियों को निर्धारित समय और स्थान पर अपने मूल प्रमाण पत्र, अभिलेखों व अंकपत्रों के साथ उपस्थित होना होगा।

सत्यापन का समय और स्थान

- बीकाम एनईपी, बीकाम आनर्स : सुबह 10 बजे, कामर्स संकाय कार्यालय
- बीवीए/बीएफए : सुबह 10 बजे, कला संकाय कार्यालय
- एलएलबी पांच वर्षीय : सुबह 10 बजे, विधि संकाय कार्यालय, द्वितीय कैंपस जानकीपुरम

बीबीए के छूटे छात्रों की वोकेशनल कोर्स की परीक्षा 27 को

लवि बीबीए द्वितीय सेमेस्टर एनईपी रेगुलर कोर्स के छूटे हुए विद्यार्थियों की वोकेशनल कोर्स की परीक्षा 27 सितंबर को दोपहर दो से साढ़े तीन बजे तक आयोजित करेगा। विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए विश्वविद्यालय ने शनिवार को परीक्षा की नई तिथि तय कर दी। इसका नोटिफिकेशन जारी होने के बाद विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली। मामला शुक्रवार का है। लवि ने स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के वोकेशनल कोर्सों की परीक्षा के लिए 23 सितंबर को दोपहर दो से साढ़े तीन बजे तक का समय निर्धारित किया था। बाद में विश्वविद्यालय ने बीबीए द्वितीय सेमेस्टर की वोकेशनल कोर्स 'रिज्यूम राइटिंग एंड कारपोरेट कम्युनिकेशन (वीसी-1)' परीक्षा का समय संशोधित करते हुए सुबह 10.30 कर दिया गया। लेकिन बोरा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस व सीतापुर जिले के कुछ अन्य कालेज के विद्यार्थियों को इसकी जानकारी नहीं हो पाई। छात्रों का आरोप है कि कालेज से संशोधित कार्यक्रम की सूचना नहीं मिली थी। इसलिए पूर्व कार्यक्रम के अनुसार बोरा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस के विद्यार्थी दोपहर में शिया पीजी कालेज केंद्र पर परीक्षा देने पहुंच गए। वहां पता चला कि परीक्षा सुबह की पाली में हो चुकी है। यह सुन छात्र परेशान हो गए। उन्होंने अपने कालेज जाकर समस्या बताई। साथ ही छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से पुनः परीक्षा कराने की मांग की। छात्रहित में छूटे हुए विद्यार्थियों की परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया।

> बीबीए द्वितीय सेमेस्टर के कुछ विद्यार्थियों ने संशोधित कार्यक्रम की जानकारी न होने का हवाला देकर वोकेशनल कोर्स की परीक्षा छूटने की जानकारी दी थी। छात्रहित में 27 सितंबर को यह परीक्षा होगी।
> **विद्यानंद त्रिपाठी**, परीक्षा नियंत्रक, लवि

पीएचडी की संशोधित सीटें जारी होंगी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2021-22 के पीएचडी दाखिले के लिए साक्षात्कार शुरू होने से पहले फिर से सीटों की संख्या का पुनः निर्धारण होगा। पहले रेगुलर और पार्टटाइम मिलाकर पीएचडी की 1296 सीटें थीं। लेकिन कुछ विभागों की सूचनाएं गलत होने की वजह से कई विषय में संख्या घट-बढ़ सकती है।

लवि ने 11 जुलाई को पीएचडी दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। करीब 1292 सीटों के सापेक्ष इस बार 5,685 आवेदन आए थे। सबसे ज्यादा एजुकेशन में 158 सीटें हैं। इसका विवरण पहले वेबसाइट पर जारी किया गया था, लेकिन संख्या में गड़बड़ी की आशंका की वजह से उसे हटा दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि कुछ विषयों में सीटों की संख्या के आंकड़े गलत लग रहे हैं, इसलिए विभागीय शोध समिति के माध्यम से उन्हें दिखाया जा रहा।

पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले भी साथ में होंगे : लवि इस बार पार्ट टाइम पीएचडी के 13 विषयों में 46 सीटों पर प्रवेश लेगा। इनमें इंग्लिश, पर्शियन, फिजियोलाजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सोशल वर्क, वेस्टर्न हिस्ट्री, एप्लाइड इकोनामिक्स, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, ला, जियोलाजी, फिजिक्स, बाटनी शामिल हैं।

एलएलबी त्रिवर्षीय तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं कल से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने विधि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के तृतीय सेमेस्टर की नियमित कक्षाएं 26 सितंबर से शुरू होंगी। विधि संकाय के अध्यक्ष एवं हेड प्रो. बीडी सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया। उन्होंने बताया कि कक्षाओं की विस्तृत समय सारिणी नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। (जासं)

प्रतियोगिता आज

लखनऊ: लवि के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिल साइंसेज में रविवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर कई कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें 300 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। वूमेन हेल्थ केयर कैंप का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, मुख्यमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डा. जीएन सिंह मौजूद रहेंगे। (जासं)

गुजरात केंद्रीय वि के कुलपति सदस्य नामित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में नए कुलपति के पद के लिए चयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए राजभवन की ओर से 25 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। वहीं, कुलपति के चयन के लिए बनने वाली समिति में लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामा शंकर दुबे को सदस्य नामित किया गया। शनिवार को कार्यपरिषद की आकस्मिक बैठक में इस पर मुहर लगा दी गई। (जासं)

प्रदर्शनी का अवलोकन करते उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, साथ में विधायक नीरज बोरा, लवि कुलपति प्रो. आलोक राय व महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी • जागरण

बीकाम आनर्स के परिणाम में जुड़ गए इंटरनल के अंक

लखनऊ : लवि ने बीकाम आनर्स छठे सेमेस्टर के परिणाम में इंटरनल अंक की जगह अनुपस्थित होने की समस्या दूर कर दी है। सिटी वूमेंस कालेज जानकीपुरम की ओर से इंटरनल के अंक न भेजने की वजह से छात्राओं के परिणाम में अनुपस्थित दिख रहा था। कालेज से संपर्क करने पर अंक भेजे गए, जिसके बाद परिणाम ठीक हो गए हैं। दैनिक जागरण ने 23 सितंबर के अंक में छात्राओं की यह समस्या प्रकाशित की थी। (जासं)

कुलपति को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ : लवि के छात्र नेताओं ने कई कोर्सों को सिर्फ सेल्फ फाइनेंस मोड पर ही चलाए जाने पर आपत्ति जताई है। छात्रों का कहना है कि जाग्रफी, होम साइंस, फिजिकल एजुकेशन में पूरी तरह सेल्फ फाइनेंस सीट हैं। शनिवार को छात्र नेताओं ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को ज्ञापन सौंपा। (जासं)

बीकाम आनर्स के परिणाम में जुड़ गए इंटरनल के अंक

लखनऊ : लवि ने बीकाम आनर्स छठे सेमेस्टर के परिणाम में इंटरनल अंक की जगह अनुपस्थित होने की समस्या दूर कर दी है। सिटी वूमेंस कालेज जानकीपुरम की ओर से इंटरनल के अंक न भेजने की वजह से छात्राओं के परिणाम में अनुपस्थित दिख रहा था। कालेज से संपर्क करने पर अंक भेजे गए, जिसके बाद परिणाम ठीक हो गए हैं। दैनिक जागरण ने 23 सितंबर के अंक में छात्राओं की यह समस्या प्रकाशित की थी। (जासं)

कुलपति को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ : लवि के छात्र नेताओं ने कई कोर्सों को सिर्फ सेल्फ फाइनेंस मोड पर ही चलाए जाने पर आपत्ति जताई है। छात्रों का कहना है कि जाग्रफी, होम साइंस, फिजिकल एजुकेशन में पूरी तरह सेल्फ फाइनेंस सीट हैं। शनिवार को छात्र नेताओं ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को ज्ञापन सौंपा। (जासं)

NBT PAGE 4

मूल प्रमाण पत्रों की जांच 27 को

एलयू स्नातक दाखिलाः चार पाठ्यक्रमों में चयनितों को मौका

ऐडमिशन अलर्ट

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी की स्नातक दाखिला प्रक्रिया के तहत 27 सितंबर को चार पाठ्यक्रमों के लिए चयनित उम्मीदवारों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी।

एलयू ऐडमिशन को-ऑर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर के मुताबिक, बीकॉम (एनईपी) में दाखिले के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को कॉमर्स डीन फैकेल्टी में सुबह दस बजे अपने दस्तावेज जमा करने होंगे। इसके अलावा बीकॉम ऑनर्स के उम्मीदवारों को भी सत्यापन कराना होगा। इसके लिए भी उन्हें दस्तावेज यहीं जमा करना होंगे। वहीं बीएफए और बीवीए के चयनित छात्रों को फाइन आर्ट्स के डीन ऑफिस फैकेल्टी में सत्यापन के लिए आना होगा। दूसरी ओर एलएलबी (5 साल) पाठ्यक्रम के लिए जानकीपुरम स्थित दूसरे कैंपस में सुबह 10 बजे आना होगा।

एलयूः पीजी के 19 विषयों की आंसर शीट जारी

लखनऊ यूनिवर्सिटी की परास्नातक दाखिला के तहत 19 पाठ्यक्रमों की आंसर की जारी कर दी गई है। एलयू की वेबसाइट के ऐडमिशन पेज पर पूरी डिटेल मुहैया है। एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन विषयों में वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, जन्तु विज्ञान, गणित, भौतिकी, अंग्रेजी, हिंदी, भूगोल, जियोलॉजी, एप्लाइड जियोलॉजी, बीपीएड, डिफेंस स्टडीज, एलएलएम, एमलिब साइंस, एमआईएच, पब्लिक हेल्थ, संस्कृत, और समाज शास्त्र शामिल हैं।

'प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कारगर है वैदिक गणित'

■ एनबीटी, लखनऊः वैदिक गणित कैलकुलेशन को क्विक और सरल बनाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले सभी विद्यार्थियों को इसका ज्ञान होना जरूरी है। कंपटेटिव परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर नहीं ले जा सकते, ऐसे में यह विधि कारगर है। लखनऊ यूनिवर्सिटी में शनिवार को रिसेंट एडवांसेज इन मैथमेटिक्स एंड एप्लीकेशंस विषय पर हुई 69वीं कॉन्फ्रेंस ये बातें एक्सपर्ट ने कहीं। कार्यक्रम भारत गणित परिषद और एलयू के गणित और खगोल विज्ञान विभाग की ओर से किया गया। इस मौके पर शिक्षाविद् प्रभा रस्तोगी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली के वैज्ञानिक एके सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर प्रो. के रामा सुब्रमण्यम, प्रो. आमीन सोफी, प्रो. गोपाल दत्त, प्रो. रमा विजय कुमार, प्रो. एके सिंह, प्रो. पूनम शर्मा, प्रो. पंकज माथुर मौजूद रहे।

एलयू में हुई कॉन्फ्रेंस में एक्सपर्ट्स ने चर्चा की।

i-NEXT PAGE 4

एलयू ने जारी की पीजी के 19 विषयों की आंसर की

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने वेबसाइट पर अपलोड किए परिणाम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (24 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में एडमिशन के लिए आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा की आंसर की वेबसाइट पर अपलोड कर दी है. यूनिवर्सिटी ने पहले चरण में 19 विषयों की आंसर की जारी की है. इनमें एप्लाइड इकोनामिक्स, एप्लाइड जियोलाजी, बाटनी, बीपीएड, केमिस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, अंग्रेजी, जाग्रफी, जियोलाजी, हिंदी, एलएलएम, एमलिबआइएससी, मैथ, एमआईएच, फिजिक्स, पब्लिक हेल्थ, संस्कृत, सोशियोलाजी, जूलाजी विषय शामिल हैं.

26 सितंबर तक आपत्ति दर्ज

यूनिवर्सिटी के एडमिशन कोआर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि यदि किसी कैंडीडेट्स को आंसर-की पर आपत्ति है. तो वह सोमवार 26 सितंबर तक आपत्ति दर्ज करा सकता है. उसके बाद सभी विषयों की फाइनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी जाएगी. एडमिशन सेल के मुताबिक, पीजी के जिन विषयों में कालेज की सीटें भी यूनिवर्सिटी से जुड़ी हैं और जिनमें अलग-अलग ब्रांच हैं, उनमें विकल्प भरने का अवसर मिलेगा. बाकी विषयों में कट आफ जारी करके सीट आवंटन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी. गौरतलब है कि पीजी की 4717 सीटों (10 फीसद ईडब्ल्यूएस अतिरिक्त) सीटों पर भी प्रवेश परीक्षा 10 से 17 सितंबर तक आयोजित की गई थी.

वेरीफिकेशन का स्थान और समय

- बीकाम एनईपी, बीकाम आनर्स : सुबह 10 बजे, कामर्स संकाय कार्यालय
- बीवीए/बीएफए : सुबह 10 बजे, कला संकाय कार्यालय
- एलएलबी पांच वर्षीय : सुबह 10 बजे, विधि संकाय कार्यालय, सेकेंड कैंपस जानकीपुरम

डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन 27 को

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने बीकाम एनईपी, बीकाम आनर्स, बीवीए, बीएफए, एलएलबी (इंटीग्रेटेड) यूजी कोर्स में एडमिशन के लिए 27 सितंबर को डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन कराएगा. शनिवार को इसके विस्तृत निर्देश एलयू की ओर से जारी कर दिए गए. इन कोर्सेज के कैंडीडेट्स को निर्धारित समय और स्थान पर अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना होगा.

एकेटीयू की ओर से पीएचडी की प्रवेश परीक्षा आयोजित

LUCKNOW (24 Sept): डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी में सत्र 2022-23 की पीएचडी की प्रवेश परीक्षा शनिवार को प्रदेश के दो केंद्रों पर हुई. इसमें लखनऊ और नोएडा में परीक्षा केंद्र बनाया गया था. दोनों केंद्रों पर कुल पंजीकृत 494 कैंडीडेट्स में से 432 ने परीक्षा दी. लखनऊ में एकेटीयू में हुई प्रवेश परीक्षा में बैंक से सेवानिवृत्त सीनियर ब्रांच मैनेजर भी शामिल हुए. बैंक आफ बड़ौदा से रिटायर होने के बाद बिजेंद्र कुमार श्रीवास्तव पीएचडी करना चाहते हैं. उम्र के इस पड़ाव में भी उनके अंदर पढ़ाई और शोध की चाह दिखी. पीएचडी की यह प्रवेश परीक्षा एकेटीयू और उससे संबद्ध कालेजों में होमी भाभा फेलोशिप, एआइसीटीई फेलोशिप और नान फेलोशिप की पीएचडी सीटों पर प्रवेश के लिए परीक्षा हुई. वीसी प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र के निर्देश पर दोनों केंद्र पर पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए थे.

VoL PAGE 3

लविवि के कुलपति को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ ने शनिवार को स्ववित्त पाठ्यक्रमों की नियमित सीटें लाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया और कुलपति को ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि वित्तपोषित पाठ्यक्रम जैसे भूगोल, गृह विज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा में पूरी तरह सेल्फ फाइनेंस सीट मामले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति को ज्ञापन दिया गया, जिसमें इन पाठ्यक्रमों में रेगुलर सीट लाने की मांग की गयी। इस दौरान मुख्य रूप से विशाल सिंह, अमित यादव, अभिषेक, प्रिंस प्रकाश, अंकित, सौरभ, मोनू, हरीश, तौकील, अजय मौजूद रहे।

TOI PAGE 2

'Vedic maths makes calculations easier'

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Vedic mathematics must be taught to all students preparing for competitive exams as it makes calculations much easier through shortcuts, said experts.

Participating in the two-day 69th conference 'Recent advances in mathematics and applications' organised by Bharat Ganit Parishad and LU mathematics and astronomy departments on Saturday, experts apprised students about mathematical sciences, history, scope and importance of the field. "Right from Class 3 or 4 a student should be trained in Vedic mathematics so that they are not scared of the subject and develop an interest," said academician Prabha Rastogi who has been doing research on Vedic mathematics for over a decade. She said Vedic maths helps a person solve mathematical problems many times faster. It reduces the burden of memorizing difficult concepts and consists of sutras/formulae and sub-sutras/sub formulae that can be used in arithmetic, algebra, geometry, calculus and conics.

Chief guest AK Singh, Scientist at the department of science and technology, New Delhi, said: "Mathematical science or advanced mathematics is not mathematics alone but its combined learning of mathematics, statistics, computer science and learning operation together."

AMRIT VICHAR PAGE 8

परास्नातक प्रवेश आंसर की जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार को परास्नातक प्रवेश के अंतर्गत 19 कोर्सों की आंसर की जारी कर दी गई। आंसर की का ब्योरा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। इस बारे में जानकारी देते विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि वेबसाइट पर अपलोड समय शेड्यूल भी छात्र समझकर आगे की प्रक्रिया पर निगरानी बनाये रखें। **इन कोर्सों में प्रवेश के लिए जारी हुई आंसर की-** इकनॉमिक्स, जूलॉजी, बॉटनी, बीपीएड, केमेस्ट्री, डिफेंस स्टडी, अंग्रेजी, जियोग्राफी, हिंदी, एलएलएम, मैथमेटिक्स, एमआईएच, फिजिक्स, पब्लिक हेल्थ, संस्कृत, सोशोलॉजी।

वैदिक गणित की बताई उपयोगिता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के गणित व खगोल विभाग में गणित विभाग तथा भारत गणित परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 69 वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस रिसेंट एडवांसेज इन मैथमेटिक्स एंड एप्लीकेशंस विषय पर आयोजित की गई। कॉन्फ्रेंस में भारत गणित परिषद के संस्थापक प्रोफेसर एन सिंह की स्मृति व्याख्यान में आई आई टी मुंबई के प्रोफेसर कृष्णामूर्ति रामा सुब्रमण्यम द्वारा प्राचीन भारत में गणित के विकास पर प्रकाश डाला। वहीं पुणे से आयी प्रोफेसर प्रभा रस्तोगी ने वैदिक गणित के उत्थान व उपयोगिता के बारे में बताया।